पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी ने आज आगरा जनपद की फतेहाबाद नगर पंचायत पहुंचकर वहां के विकास कार्यों, क्षेत्रीय लोगों व सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की

## नगर विकास मंत्री ने एसडीएम एवं अधिशाषी अधिकारी को सफाई कर्मचारियों व लोगों की मूलभूत समस्याओं का तत्काल समाधान करने, विकास कार्यों में तेजी लाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश

## मंत्री ने नगर के विकास के लिए नियमित साफ सफाई, सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देंने एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

## नगर की सफाई में मशीनों का भी सदुपयोग किया जाए, खराब मशीनों में तत्काल सुधार किया जाए

## सफाई कर्मियों को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किया

## मंत्री ने रामनगर में निर्माणाधीन नाले की शिकायत पर कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर टी0पी0 शर्मा को फोन लगाकर नाले का निरीक्षण करने तथा खामियों को तत्काल दूर करने को कहा

लखनऊः 31 मार्च, 2023

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी ने आज आगरा जनपद की फतेहाबाद नगर पंचायत पहुंचकर वहां के विकास कार्यों, क्षेत्रीय लोगों तथा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में बैठक की।

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने एसडीएम फतेहाबाद जे0पी0 पांडेय एवं अधिशाषी अधिकारी फतेहाबाद राघवेंद्र शर्मा को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने, विकास कार्यों में तेजी लाने तथा लोगों की मूलभूत समस्याओं का तत्काल समाधान करने व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

मंत्री जी को सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि हमें मासिक मानदेय समय पर नहीं मिलता, झाड़ू की व्यवस्था नहीं की जा रही तथा मशीनें उपलब्ध नहीं हैं, ठंडी में वर्दी नहीं मिली। इस पर मंत्री जी ने अधिकारियों को इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने को कहा। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप अपने नगर को साफ सुथरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं, जिससे कि यहां का जनजीवन खूबसूरत बने। यहां से लोग बाहर जाने के बजाय बाहर से लोग यहां पर आकर रहे। बाहरी लोग यहां आकर उद्योग लगा सके, जिससे कि यहां की बेरोजगारी दूर हो सके। मंत्री जी ने सफाई कर्मियों से उनके बच्चों की पढाई लिखाई के बारे में भी पूंछा। उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि जीवन में सभी को अपने समर्थ के हिसाब से संघर्ष करना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई के साथ उनका पालन पोषण पूरी जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।

नगर विकास मंत्री ने एसडीएम फतेहाबाद जे0पी0 पांडेय तथा अधिशाषी अधिकारी राघवेंद्र शर्मा को नगर की नियमित साफ़ सफाई करने, सफ़ाई में मशीनों का अधिक से अधिक प्रयोग करने, सफ़ाई कर्मियों का मासिक मानदेय नियमित रूप से देने, नाली, खड़ंजा व तालाब बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

इस दौरान फतेहाबाद विधायक श्री छोटेलाल वर्मा ने रामनगर में बनाए 20 करोड़ रूपए की लागत से 03 किलोमीटर लंबाई का बनाए जा रहे नाले की समस्या को उठाया, जिसके निर्माण में देरी हो रही है तथा गलत निर्माण से नाले का पानी ढलान की ओर नहीं जा रहा। इस पर मंत्री जी ने सीएनडीएस कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर टी0पी0 शर्मा को फोन लगाकर नाले का निरीक्षण करने तथा खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। विधायक के पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत पर उन्होंने एसडीएम को इसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। फतेहाबाद नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन श्रीमती आशा देवी ने इस दौरान बताया कि विगत 05 वर्षों में 1250 पीएम आवास दिए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति की स्थापना दीनदयाल पार्क में और कराई जानी है। उन्होंने बताया कि 05 से 10 वर्षों में यहां पर काफी बदलाव हुआ है। इस नगर पंचायत का काफी विकास हुआ है। यहां पर बिजली आई, नाली, खड़ंजा व सड़के बनाई गई। लोगों की अब इसे नगर पालिका परिषद बनवाने की मांग है।

इस दौरान नगर विकास मंत्री ने नगर पंचायत कार्यालय का एवं वहां के कार्यालय परिसर में रखी हुई मशीनो और ट्रैक्टर ट्राली आदि का भी निरीक्षण किया तथा खराब चीजों को शीघ्र बनवाने को कहा।

इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक, नगर पंचायत के वित्त नियंत्रक, सफाई कर्मचारियो में अनिल, जितेंद्र कुमार, महेश, हरीश, कमल एवं महिला सफाई कर्मचारी भी उपस्थित थी।

---

**सम्पर्क सूत्र– सी0एल0 सिंह**

राघवेन्द्र / 05:50 PM